
# घरों में छिपे हमारे मित्र (1)

यह आपको आश्चर्यजनक लगेगा लेकिन प्रकृति का अनुभव करने के लिए आपको बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है! अपने घर के चारों ओर किसी खिड़की से, दरवाजे के पीछे या फूलदान के नीचे देखें- नीचे दिए किन्हीं तीन को खोजें और बोलें-**बिंगा-हुर्रे** ढूंढ लिया!




पोस्टर का हिंदी रूपांतरण: पर्यावरण शिक्षण केंद्र (सी.ई.ई.)

क्या आप इस बिंगो में जीवों और पौधों के बारे में और अधिक जानना चाहते हैं? निम्नलिखित **संसाधनों** (पेज 2) और **प्रकृति गतिविधियों** (पेज 4) का अन्वेषण करें जो आप अपने घर पर कर सकते हैं!



**टिप:** प्रिंटआउट की कोई आवश्यकता नहीं है! अपने लिए कागज के एक टुकड़े पर इसे रेखांकित करें और नंबर दें!

This work is licensed under CC BY-SA 4.0 https://creativecommons.org/licenses/by-sa/4.0/

Nature Classrooms

nature conservation foundation

Created by Nature Classrooms, a not-for-profit initiative to introduce children and adults to nature. To know more, visit: bit.ly/natureframework

# अधिक जानने के लिए आगे पढ़ें

**क्या आप अपने प्राकृतिक पड़ोसियों के बारे में अधिक जानना चाहते हैं? यहां कुछ संसाधन दिए गए हैं जिनके बारे में आप छान-बीन कर सकते हैं! बिंगोवर्ग में संख्याओं के माध्यम से उनका मिलान जंतु या पौधे से करें।**

**1**

**पक्षियों का गाना:** अक्सर ध्वनियाँ और आवाजें यह पता लगाने का सबसे अच्छा माध्यम होती हैं कि पक्षी हमारे आस-पास ही हैं। क्या आपने अपने आस-पास के पक्षियों को सुनने की कोशिश की है?

- पक्षी ध्वनियों को जानने के लिए: https://birdcount.in/getting-started-5-bird-sounds/

**2**

**जीवों की आकृति के बादल:** आप को बस इतना करना है कि विभिन्न आकृतियों और आकारों के बादलों को दे ने के लिए अपनी खिड़की के बाहर देखें। क्या उनमें से कोई जानवर, पक्षी, कीट, मकड़ी जैसा दिखता है? इसके अलावा, अपनी कल्पना का उपयोग करें और अपने बादल को वैसा ही देखें जैसा आप चाहते हैं!

- बादलों में दिखती जीव आकृतियां: https://mothernatured.com/animal-play/finding-animals-in-clouds
- आसमान से बरस रहे मेंढक: https://www.youtube.com/watch?v=sHz6Wlc2MAI

**3**

**प्रकाश बल्ब के आस-पास कीट:** कई कीट प्रकाश स्रोतों की ओर आकर्षित होते हैं और वैज्ञानिकों के पास इस बारे में कई सिद्धांत हैं। कुछ लोग कहते हैं कि प्रकाश स्रोत उन्हें बताता है कि रास्ता साफ है, जबकि अन्य की मान्यता है कि वे इन प्रकाश स्रोतों को फूल समझ रहे होते हैं! या हो सकता है कि वे वहां सिर्फ कुछ गर्मी पाने के लिए आये हों? आपको क्या लगता है?

- मॉथ, बल्ब के प्रकाश को क्यों पसंद करते हैं: https://www.youtube.com/watch?v=Ul9HIX9YBbM

**4**

**पेड़ों पर आए नए रंग:** जैसे मौसम और तापमान बदलते हैं, वैसे ही पेड़ भी बदलते हैं। गर्मियों से ठीक पहले, कई पेड़ अपने पुराने पत्ते गिरा देते हैं और उनपर नए पत्ते और फूल निकलते हैं।

- बसंत ऋतु के बारे में जानने के लिए पढ़ें कि यह और क्या-क्या लाता है: https://storyweaver.org.in/stories/71-everything-looks-new
- https://storyweaver.org.in/stories/90058-searching-for-the-spirit-of-spring

Created by Nature Classrooms, a not-for-profit initiative to introduce children and adults to nature.
To know more, visit: bit.ly/natureframework
This work is licensed under CC BY-SA 4.0 https://creativecommons.org/licenses/by-sa/4.0/

**5** **डैडी लांगलेग्स स्पाइडर/कोबवेब वीवर:** आपके घर या बाथरूम में इस मकड़ी के मिलने की संभावना है। वे आमतौर पर दीवारों के कोनों में अपने गंदे जालों में उल्टा लटकते रहते हैं, जहाँ वे एक रसदार मक्खी या मच्छर के उड़ने की प्रतीक्षा करते हैं।

- http://natureatyourhome.biodiversityexhibition.com/en/card/daddy-long-leg-spider
- मकड़ियों को देखने के लिए (लघुकहानी): https://storyweaver.org.in/stories/27612-off-to-see-spiders

**6** **किताब में मिलने वाला मछली जैसा कीट (सिल्वरफिश):** सिल्वर फिश छोटे, चांदी जैसे पंखहीन कीट हैं जो मछली की तरह चलते हैं और खाने के लिए शक्कर, स्टार्च वाली चीजें पसंद करते हैं!

- https://www.wildwanderer.com/silverfish-the-bookworm/

**7** **फलों पर उड़ने वाली मक्खी:** छोटे, पंखों वाले कीट जिन्हें आप पके और सड़ते फलों, सब्जियों और कचरे के पास झुंड में देख सकते हैं और ये जीव विज्ञानियों के लिए एक पसंदीदा प्रयोगात्मक कीट हैं। उनकी खून जैसी लाल आँखों को मत भूलें!


- https://kids.kiddle.co/Drosophila

**8** **अनाज में घुन:** ये वास्तव में छोटे काले लंबे थूथनवाले कीट हैं जो आपके कच्चे चावल और दाल में समय बिताना पसंद करते हैं! यह आपको किस जंतु या पक्षी की याद दिलाता है?

- https://kids.kiddle.co/Weevil
- https://thekidshouldseethis.com/tagged/weevil

**9** **दीवार पर छिपकली:** आमतौर पर घरों में पायी जाने वाली अनोखी छिपकली कीटों की तलाश में दीवारों, छत पर चढ़ जाती है। 'टुक-टुक-टुक'की तीखी आवाज कमरे में इसकी उपस्थिति बताती है। क्या आपके घर में छिपकली की कोई पसंदीदा जगह है?

- छिपकली दीवाल पर कैसे चढ़ती है?: https://www.youtube.com/watch v=uhfXbSSrabw
- छिपकली के दीवाल पर चढ़ने के पीछे का विज्ञान: https://www.youtube.com/watch?v=YeSuQm7KfaE
- https://kids.nationalgeographic.com/animals/reptiles/gecko/https://www.anywhere.com/flora-fauna/reptile/house-gecko



Created by Nature Classrooms, a not-for-profit initiative to introduce children and adults to nature.
To know more, visit: bit.ly/natureframework
This work is licensed under CC BY-SA 4.0 https://creativecommons.org/licenses/by-sa/4.0/

# गतिविधियां

**रचनात्मक होने का समय! इन विशेष गतिविधियों के माध्यम से अपने प्राकृतिक पड़ोसियों को बेहतर तरीके से जानें। बिंगो वर्ग में संख्याओं के माध्यम से गतिविधि को जीव या पौधे से मिलाएं।**

**1**

**पक्षियों द्वारा की जाने वाली ध्वनियों का वर्णन करें**- कोशिश करें और एक चित्र बनायें या उसके बारे में लिखें। आपके द्वारा आवाज सुने जाने के समय और सुने जाने वाले पक्षियों की विविधता को नोट करें और एक ग्राफ बनाएं। एक्स अक्ष: दिन का समय, वाई अक्ष: आपके द्वारा सुनी जाने वाली विभिन्न पक्षी आवाजों की संख्या। कोशिश करें और 3-5 दिनों तक इसे पुन: दोहराएं। दिनके किस समय पक्षी सबसे अधिक बोलते हैं? कोशिश करो और उनकी भाषा बोलो। क्या वे आप से वापस बात करते हैं?




**2**

दिन में 3 बार अपनी खिड़की से बाहर देखें- क्या आपको बादल दिखाई दे रहे हैं? क्या आप यह दिखाने के लिए एक ग्राफ बना सकते हैं कि सुबह, दोपहर और शाम को बादल मौजूद हैं या नहीं? आप किस प्रकार के बादल देख सकते हैं- क्या आप उनका रेखा चित्र खींच सकते हैं?
अपना खुद का बादल बनाओ: https://www.youtube.com/watch?v=44GH2gs8avo

**3**

कीट प्रकाश बल्बों/प्रकाश स्रोतों के आसपास क्यों इकट्ठा होते हैं? आप कितने प्रकार के कीट देखते हैं? क्या कोई और जीव भी आता है? एक दोस्त (एककीट/जीव) चुनें, उनका नाम लें और अगले कुछ दिनों तक उनका निरीक्षण करें। क्या वे लौटते हैं? क्या आप उनके बारे में कोई कविता/कहानी/गीत लिख सकते हैं? अपनी कल्पना के साथ-साथ जितने चाहें उतने चित्र का प्रयोग करें!

**4**

गर्मियों से ठीक पहले, कई पेड़ अपने पुराने पत्ते छोड़कर नए पत्ते और फूल उगाते हैं। अगर आपके घर के पास एक पेड़ है जिसे आप देख सकते हैं-उसने कौन से रंग धारण किये हुए हैं? पेड़ों के नए फूल कई पक्षियों, छोटे जीवों और कीड़ों को आमंत्रित करते हैं। आप उनमें से किसे देखते हैं? अगर आप पेड़ होते, तो आप कौन से रंग पहनते? दिन में कौन-कौन आपसे मिलने आएगा? अपने सभी दोस्तों और उनके साथ अपनी बातचीत के बारे में एक कहानी बनाएं।

**5**

कल्पना कीजिए कि अगर आपके पास मकड़ी की तरह 8 आंखें, 8 पैर होते। आपका जीवन कैसे बदलेगा? क्या आपको नया चश्मा लेना होगा? आपके कपड़े कैसे दिखेंगे? एक चित्र या एक हास्य/कॉमिक चित्र बनाओ।



Created by Nature Classrooms, a not-for-profit initiative to introduce children and adults to nature.
To know more, visit: bit.ly/natureframework
This work is licensed under CC BY-SA 4.0 https://creativecommons.org/licenses/by-sa/4.0/



**6** आपको क्या लगता है सिल्वर फिश को यह नाम क्यों दिया गया है? यह कीट कैसे चलता है? क्या आप उनकी तरह चलने की कोशिश कर सकते हैं? यदि आप इस कीट को दूसरा नाम दे सकते हैं, तो यह क्या होगा और क्यों?

**7** आपके घर में आपको फल के आस-पास मकि याँ कहाँ दिखाई देती हैं? वे दिन के किस समय आती हैं और क्या करती हैं, इसका रिकॉर्ड रखें। यदि आप अपने घर में एक फल मक्खी होते, तो आप कौन-सी चीजें दे ते, सूंघते और करते? एक कहानी लिखें या एक हास्य/कॉमिक चित्र बनाएँ।

**8** घुन कहाँ से आते हैं? वे दाल, चावल, आटे के पैकेट/डिब्बों में क्या कर रहे होते हैं? उन्हें ध्यान से देखें-वे किस रंग, आकार, प्रकार के हैं? आपको क्या लगता है कि घुन का पसंदीदा खाना क्या है? एक घुन के लिए एक व्यंजन विधि बनाएँ।

**9** कल्पना कीजिए कि आप एक सुपरहीरो हैं जिसका नाम बलवान-छिपकली/चतुर-छिपकली/तेज-छिपकली है! आपकी महाशक्तियां क्या हैं? आप क्या खाते-पीते हैं? आपकी पोशाक कैसी है? क्या आप अपराध से लड़ते हैं? परिधान धारण करें और अपने परिवार के सामने एक सुपर हीरो भाषण दें!



Created by Nature Classrooms, a not-for-profit initiative to introduce children and adults to nature.
To know more, visit: bit.ly/natureframework
This work is licensed under CC BY-SA 4.0 https://creativecommons.org/licenses/by-sa/4.0/